# 2022
# हिन्दी

**समय :** तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक :** 70

**निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'अ' तथा 'ब' में विभाजित है।

(iii) प्रश्न-पत्र के खण्ड 'अ' में बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके O.M.R. शीट पर नीले अथवा काले बॉल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।

(iv) खण्ड 'अ' में बहु-विकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(v) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उसके निर्धारित अंक दिये गये हैं।

## खण्ड – 'अ'
## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

1. (क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : **1**

(i) 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' रामचन्द्र शुक्ल का निबंध-संग्रह है।

(ii) 'आत्मदाह' चतुरसेन शास्त्री का कहानी-संग्रह है।

(iii) 'झूठा सच' यशपाल द्वारा लिखित प्रसिद्ध नाटक है।

(iv) 'आकाशदीप' जयशंकर प्रसाद का प्रमुख कहानी-संग्रह है।

(ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी एक कृति के रचनाकार का नाम लिखिए : **1**

(i) 'रस-मीमांसा' (ii) 'त्यागपत्र' (iii) 'कल्पलता' (iv) 'क्या भूलें, क्या याद करूँ'

(ग) 'जीवनी' विधा की किसी एक रचना का नाम लिखिए। **1**

(घ) 'परीक्षा-गुरु' किस गद्य-विधा की रचना है ? **1**

(ङ) 'साहित्यालोचन' के लेखक का नाम लिखिए। **1**

2. (क) 'तारसप्तक' के किसी एक कवि का नाम लिखिए। **1**

(ख) 'द्विवेदी-युग' की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **2**

(ग) 'नयी कविता' की दो प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **2**

# खण्ड – 'ब'
# (वर्णनात्मक प्रश्न)

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 + 2 + 2 = 6**

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। वह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी, तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जायगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देनेवाली बाहु के समान होगी, जो इसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जायगी।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) युवा पुरुष की बुरी तथा अच्छी संगति का क्या प्रभाव पड़ता है ?

**अथवा**

रोहतास-दुर्ग के प्रकोष्ठ में बैठी हुई युवती ममता, शोण के तीक्ष्ण गम्भीर प्रवाह को देख रही है। ममता विधवा थी। उसका यौवन शोण के समान ही उमड़ रहा था। मन में वेदना, मस्तक में आँधी, आँखों में पानी की बरसात लिये, वह सुख के कंटक शयन में विकल थी। वह रोहतास-दुर्गपति मंत्री चूड़ामणि की अकेली दुहिता थी, फिर उसके लिए कुछ अभाव होना असम्भव था।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) ममता कौन थी और उसकी क्या स्थिति थी ?

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : **2 + 4 = 6**

सुनि सुन्दर बैन सुधारस-साने, सयानी हैं जानकी जानी भली।
तिरछे करि नैन दै सैन तिन्है समुझाइ कछू मुसकाइ चली।।
तुलसी तेहि ओसर सोहैं सबै अवलोकति लोचन-लाहु अली।
अनुराग-तड़ाग में भानु उदै बिगसीं मनो मंजुल कंज-कली।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए तथा काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

जाति-धर्म या सम्प्रदाय का, नहीं भेद-व्यवधान यहाँ,
सबका स्वागत, सबका आदर, सबका सम सम्मान यहाँ।
राम, रहीम, बुद्ध, ईसा का, सुलभ एक सा ध्यान यहाँ,
भिन्न-भिन्न भव संस्कृतियों के गुण-गौरव का ज्ञान यहाँ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : **2 + 1 = 3**

(i) जयशंकर प्रसाद (ii) डॉ. भगवतशरण उपाध्याय (iii) रामचन्द्र शुक्ल

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : **2 + 1 = 3**

(i) सूरदास (ii) रामनरेश त्रिपाठी (iii) माखनलाल चतुर्वेदी

6. निम्नलिखित संस्कृत-गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **1 + 3 = 4**

दुर्मुख ! द्वितीयः कशाघातः। (दुर्मुखः पुनः ताडयति।)
ताडितः चन्द्रशेखरः पुनः पुनः 'भारतं जयतु' इति वदति। (एवं स

पञ्चदशकशाघातैः ताडितः) यदा चन्द्रशेखरः कारागारात् मुक्तः बहिः आगच्छति, तदैव सर्वे जनाः तं परितः वेष्टयन्ति, बहवः बालकाः तस्य पादयोः पतन्ति, तं मालाभिः अभिनन्दयन्ति च।

**अथवा**

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्।।

7.(क) अपनी पाठ्यपुस्तक में से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। **2**

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए : **1 + 1 = 2**

(i) वाराणसी किमर्थं प्रसिद्धा ?

(ii) वीरः केन पूज्यते ?

(iii) आरुणिः श्वेतकेतुं किम् अकथयत् ?

(iv) न्यायाधीशः चन्द्रशेखरं कथम् अदण्डयत् ?

8.(क) 'हास्य' रस अथवा 'करुण' रस की उदाहरण-सहित परिभाषा दीजिए। **2**

(ख) 'उपमा' अलंकार अथवा 'रूपक' अलंकार की सोदाहरण परिभाषा दीजिए। **2**

(ग) 'रोला' छन्द अथवा 'सोरठा' छन्द की परिभाषा दीजिए और उसका एक उदाहरण दीजिए। **2**

9.(क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं तीन के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : **1+1+1=3**

(i) अ (ii) अधि (iii) अनु (iv) सह (v) अप (vi) सु

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : **1+1=2**

(i) पन (ii) ता (iii) आई (iv) हट (v) वा

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के समास-विग्रह कीजिए : **1+1=2**

(i) राजा-रानी (ii) पंचगंगा (iii) विशेषण-विशेष्य (iv) चतुर्वेद (v) राम-रहीम

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : **1+1=2**

(i) नाक (ii) पीठ (iii) डण्डा (iv) गोबर (v) हल्दी

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : **1+1=2**

(i) गंगा (ii) घोड़ा (iii) इन्द्र (iv) कुबेर (v) खग

10. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में सन्धि-विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : **1+1=2**

(i) मातृ + आज्ञा (ii) मधु + ओरः (iii) लृ + आदेशः (iv) इति + अत्र

(ख) निम्नलिखित शब्दों के तृतीया विभक्ति एकवचन में रूप लिखिए : **1+1=2**

(i) फल अथवा नदी (ii) मति अथवा मधु

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक के धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : **2**

(i) अपठः (ii) हसिस्यावः (iii) पठेताम्

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : **1+1=2**

(i) सीता विद्यालय जाती है। (ii) हमें वहाँ जाना चाहिए। (iii) घर के चारों ओर पेड़ हैं। (iv) बालक खेल रहे हैं।

11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : **6**

(i) खेलकूद का महत्व (ii) स्वच्छता अभियान (iii) वर्षा-ऋतु से लाभ (iv) भारतीय किसान का जीवन

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए : **3**

(क) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के 'मेघनाद का अभियान' खण्ड की कथावस्तु लिखिए। (ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'मेघनाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के 'षष्ठ सर्ग' की कथा अपने शब्दों में लिखिए। (ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' का चरित्रांकन कीजिए।

(ग) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'प्रस्थान' सर्ग की कथावस्तु लिखिए। (ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

UPBoardHub

(घ) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'राम' का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर तृतीय सर्ग 'कौशल्या-सुमित्रा-मिलन' की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर 'भामाशाह' का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए।

(च) (i) 'मुक्ति दूत' के आधार पर 'गाँधी जी' का चरित्रांकन कीजिए। (ii) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा लिखिए।

(छ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के 'षष्ठ सर्ग' की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(ज) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर 'चन्द्रशेखर आजाद' का चरित्रांकन कीजिए। (ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'संघर्ष' की कथा लिखिए।

(झ) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहरलाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए।